तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 27 मई 2025

तीस किलोग्राम भार वर्ग में लोकेश ने पाया अव्वल... 10



श्रद्धालुओं ने लगाई पिंडारा तीर्थ में डुबकी 10



## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**जींद।** उचाना में ट्रेन के साथ हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के हाथ पर सरोज देवी का टैटू बना हुआ है। रविवार रात को राजकीय रेलवे पुलिस को उचाना रेलवे स्टेशन और बरसोला के बीच रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। जीआरपी उचाना चौकी के एएसआई कुलदीप ने बताया कि देर शाम को उन्हें फोन पर सूचना मिली थी।

### आईटीआई में रोजगार मेला कल : ममता

**कैथल।** जिला रोजगार अधिकारी ममता कुमारी ने बताया कि जिले के युवाओं को रोजगार व अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 28 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कैथल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

### दस ग्राम स्मैक के साथ युवक काबू ,पूछताछ जारी

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव संडील के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से दस ग्राम स्मैक बरामद की है। अलेवा थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव सडील निवासी सत्यवान नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करता है। जो गांव छात्तर की तरफ जाने वाली सड़क पर नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इतंजार कर रहा है।

### मारपीट कर किसान को किया घायल

**कैथल।** गुहला के माजरी गांव में खेत की बाउंड्री बनाने को लेकर हुई मारपीट में एक किसान घायल हो गया। किसान के साथ करीब छह आरोपियों ने मारपीट की है। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुहला थाने में दी गई शिकायत में माजरी निवासी केवल ने बताया कि वह मकान बनाने वाले मिस्त्री का काम करता है।

### मारपीट करने पर चार के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** गांव मैंगलपुर में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मैंगलपुर निवासी विरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उनके बच्चो की पडोसी दयानंद के बच्चों से कहासुनी हो गई थी। उस समय तो मामला शांत हो गया। वह अपने मकान के बाहर चबुतरे पर बैठा हुआ था।

### खंभे पर पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था ठप

**राजौंद।** राजौंद में तूफान से बिजली के पोलो पर पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। इससे राजौंद क्षेत्र में लगभग 10 घंटे का ब्लैक आउट रहा। क्षेत्र में शनिवार रात 11 बजे से लेकर सुबह 9 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इससे सुबह आने वाली जल आपूर्ति के लिए भी लोगों को परेशान होना पड़ा।

### महिला से मारपीट करने पर तीन के खिलाफ केस

**जींद।** गांव दुर्जनपुर में महिला के साथ मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दुर्जनपुर निवासी पप्पल देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी सुभाष से कहासुनी हो गई थी। जिस पर सुभाष परिवार ने उसके साथ मारपीट की।

### तीन लोगों के खिलाफ एसपी को भेजी शिकायत

**सफीदों।** उपमंडल के आफताबगढ़ में सरपंच कुलदीप सिंह के निवास में कई गांवों के सरपंचों की बैठक हुई। सरपंच एसो के प्रधान नरवैल सिंह धर्मगढ़ के सरपंच अजीतपाल सिंह सहित अनेक गांवों के सरपंच मौजूद थे। सरपंचों में नशाखोरी को रोकने के बारे में गहनता से विचार विमर्श किया गया।

# दो बहनों का इकलौता भाई सुंदर ब्रांच नहर में डूबा, चौदह घंटे के सर्च अभियान के बाद दो किलोमीटर दूर मिला शव

*पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

गांव करेला के पास सुंदर ब्रांच नहर पर नहाने के लिए गया 11 वर्षीय बच्चा डूब गया। बच्चा दो बहनों का इकलौता भाई था। डूबने के 14 घंटे बाद दो किलोमीटर दूर झाड़ियों में बच्चे का शव उलझा मिला। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जींद के जुलाना क्षेत्र में करेला गांव के पास से सुंदर ब्रांच नहर गुजर रही है। डेढ़ माह से यह नहर सूखी पड़ी थी और दो दिन पहले शनिवार शाम को ही इसमें पानी आया था। रविवार शाम को छह बजे झमौला गांव के सुरेंद्र का बेटा 11 साल का अंकित उसके पड़ोसी का बेटा 10 साल का अनमोल, 11 साल का वंश नहर पर पानी लेने के लिए चले गए।

#### मन्नतों के बाद मिला था बेटा

इस दौरान तीनों की नहाने की इच्छा हुई और किनारे पर ही नहाने लगे। तीनों में से किसी को भी तैरना नहीं आता था। किनारे पर नहाते समय ही तीनों का पैर फिसल गया और वह गहराई की तरफ चले गए। नहर में तेज गति से करीब सात से आठ फीट पानी बह रहा है। तीनों बच्चे चिल्लाए तो आसपास के लोगों ने कूद कर अनमोल और वंश को नहर से निकाल लिया लेकिन अंकित को नहीं बचा पाए। अंकित कुछ सेकंड के लिए ही छटपटाया और इसके बाद ऊपर नही आया। गांव के व्हाट्सप ग्रुप में मैसेज डाला गया और माइक पर बुलवाया गया कि बच्चा डूब गया है। गांव के 50 से ज्यादा तैराक युवा नहर पर पहुंचे और बच्चे को ढूंढना शुरू कर दिया। रात को 9 बजे तक अंकित को ढूंढते रहे लेकिन नहीं मिला। इसके बाद आज सुबह पांच बजे फिर से गांव के युवा नहर पर पहुंच गए और जितने भी पुल बने हुए थेए उनके आसपास देखा। यहां झाड़ियों में अंकित का शव उलझा मिला। करीब 14 घंटे बाद मिले शव को जुलाना पुलिस ने जींद के सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिवार को सौंप दिया।

#### पिता को नही पता था बेटा डूब चुका, दो बेटे पहले गवां चुका सुरेंद्र

अंकित का पिता सुरेंद्र मजदूरी का काम करता है। रविवार को भी वह काम पर गया था। उसे पता भी नहीं था कि उसका बेटा नहर में डूब गया है। सुरेंद्र शाम को काम से घर लौटा तो उसे पता चला। सुरेंद्र को तीन बच्चे हैं। जिनमें दो बेटियां और एक बेटा अंकित था। सुरेंद्र की पत्नी को पहले भी दो लड़के पैदा हो चुके हैं लेकिन दोनों की पैदा होते ही मौत हो गई थी। अंकित पूरी तरह से स्वस्थ था तो उम्मीद थी कि अंकित उनके बुढ़ापे की लाठी बनेगा लेकिन मात्र 11 साल की उम्र में ही अंकित उन्हें छोड़ कर चला गया। छठी क्लास में पढने वाला अंकित पढ़ाई में होशियार था। बड़ों की हमेशा इज्जत करता था।




#### एक बार आ गया था, खींच ले गई मौत

अंकित नहर पर हमउम्र साथियों के साथ पानी लेने के लिए गया था। वहां कुछ देर के बाद अंकित ने कहा कि वह घर जा रहा है और घर आ गया। उसके दोस्त वहीं पर रह गए। घर पहुंचने के कुछ देर बाद ही अंकित दोबारा से नहर पर आ गया और नहाते समय पैर फिसलने से पानी में समा गया। दोबारा से मौत उसे खींच लाई थी।

#### युवाओं के साथ नहर में उतरे थाना प्रभारी की अंगूठी नहर में गिरी

रविवार को जब ग्रामीण सुंदर ब्रांच नहर में डूबे बच्चे को ढुंढ रहे थे तो दो घंटे तक तलाश करने के बाद भी बच्चा नही मिला तो ग्रामीण युवा आहत हो गए। युवाओं का हौंसला बढ़ाने के लिए जुलाना के 57 वर्षीय थाना प्रभारी रविंद्र सिंह भी युवाओं के साथ नहर में उतर गए और काफी देर तक तलाश की लेकिन बच्चा नही मिल पाया। इस बीच थाना प्रभारी रविंद्र सिंह की सोने की अंगूठी भी नहर में गिर गई।

#### दो साल में कई लोग गवा चुके जान

सुंदर ब्रांच नहर काफी चौड़ी और गहरी है। पिछले दो साल में यहां चार से पांच लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। दो साल पहले नहर में नहाने पर पाबंदी लगाने का जींद के तत्कालीन उपायुक्त द्वारा नोटिस भी लोहे के बोर्ड पर लिखवाया गया है लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ।



नगरपालिका में पार्षदों व अधिकारियों से मीटिंग करते विधायक सतपाल जांबा।

## भ्रष्टाचार और लापरवाही को किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हल्का विधायक सतपाल जांबा ने नगरपालिका कार्यालय में आयोजित पहली समीक्षा बैठक में पार्षदों, पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की। बैठक की शुरुआत में ही वार्ड नंबर एक के पार्षद सतीश हजवाना ने पालिका में हो रहे कार्यों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, जिस पर विधायक जांबा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। विधायक जांबा ने कहा कि उन्हें लगातार पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें मिल रही हैं, विशेष रूप से प्रॉपर्टी आईडी में अनियमितताओं की। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में प्लॉट कहीं है, लेकिन रिकॉर्ड में कहीं और दर्शाया गया है। ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी प्रोपर्टी आईडी की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भ्रष्टाचार व लापरवाही को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकतर पार्षदों ने शिकायत की, जिस पर विधायक ने सफाई दरोगा को सस्पेंड करने व नियमित सफाई न करने वाले कर्मचारियों को हटाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कई पार्षदों ने अपने वार्ड में सीवरेज पाइप पतले होने के कारण बार-बार जाम होने की शिकायत की। इस पर पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ जगदीश कुमार को समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए। जांबा ने सभी पार्षदों से उनके वार्ड की समस्याएं जानकर पालिका अधिकारियों को उन्हें प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए।

### निदेशालय ने पत्र जारी कर अलर्ट रहने के आदेश दिए

# स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गाइडलाइन खांसते व छींकते समय टिशू से मुंह ढकें

*ओपीडी पर्ची न काटने से परेशान लोगों ने वीडियो किया सोशल मीडिया पर वायरल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश तथा प्रदेश में कोरोना के मामालों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के निदेशालय ने सभी जिलों को पत्र जारी कर अलर्ट रहने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा कोरोना वेरियंट को लेकर गाइडलाइन भी जारी की गई है। आदेशों के अनुसार खांसी, जुखाम और नजले के मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वहीं आरटीपीसीआर जांच करने के लिए किट भी मंगवाई गई हैं। अभी तक अस्पताल को किट नही मिली है। जिसके चलते जांच शुरू नही हुई है। वहीं अस्पताल के सभी कर्मचारियों को कोरोना के समय दी जाने वाली ट्रेनिंग के बारे में भी बताया गया है। स्वास्थ्य निदेशालय ने अहतियात के तौर पर गाइडलाइन जारी की है। जिसके तहत फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क का प्रयोग करने के लिए कहा गया है। खांसते और छींकते समय टिशू से मुंह ढकें। टिशू को फेंक दें और फिर तुरंत हाथ धो लें। साबुन और पानी से कम से कम 20 सेकंड तक हाथ धोएं। वहीं अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना वार्ड बनाया है और इसमें 10 बेड लगाए गए हैं। यदि जरूरत पड़ी तो इन बेडों की संख्या को बढा दिया जाएगा। इसके अलावा यदि जिन लोगों में कोरोना के लक्षण दिखाए देंगे, उनके सैंपल करवाए जाएंगे। सिविल सर्जन ने सभी चिकित्सकों को निर्देश जारी किए हैं कि यदि कोई संभावित लक्षण वाला व्यक्ति ओपीडी में आए तो उसकी कोरोना जांच जरूर करवाई जाए।

#### नागरिक अस्पताल को मिला सीनियर डेंटल सर्जन

नागरिक अस्पताल को डा. दिनेश गुप्ता के रूप में सीनियर डेंटल सर्जन मिले हैं। सीनियर डेंटल सर्जन उपलब्ध होने से अस्पताल में मौजूद तीनों डैंटिस्ट उनके अंडर कार्य करेंगे और दिशा-निर्देशों की पालना करेंगे। इस समय अस्पताल के सीनियर डेंटिस्ट डा. रमेश पांचाल डिप्टी सीएमओ सहित प्रशासनिक कार्यभार संभाले हुए हैं। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में सोमवार को ओपीडी पर्ची न कटने से परेशान लोगों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया। इस वीडियो वायरल में ओपीडी काउंटर पर किसी के मौजूद न होने व भीषण गर्मी के बीच लोगों को परेशान होने की बात कही गई। बाकायदा वीडियो वायरल का कैप्शन लिखा गया ।यिह है जींद सिविल अस्पताल के हालात हैं। महिलाएं, बुजुर्ग, छोटे बच्चे सब गर्मी से परेशान हैं और पर्ची कटवाने के लिए लाइन में खड़े हैं।



जींद। नागरिक अस्पताल में एक-दूसरे से सटकर ओपीडी स्लिप कटवाते मरीज व तिमारदार। फोटो :हरिभूमि

#### संभावित लक्षणों वाले लोगों की जांच के निर्देश

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि चिकित्सकों को कोरोना के संभावित लक्षणों वाले लोगों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। नागरिक अस्पताल में कोरोना वार्ड तैयार कर दिया है। फिलहाल 10 बेड की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। यदि जरूरत पड़ी तो और बेडों की व्यवस्था भी कर दी जाएगी। स्वास्थ्य निदेशालय द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना करवाई जा रही है।

### दो पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस के साथ दो दबोचे

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवको के खिलाफ शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि सफीदों-पानीपत रोड पर शमशान घाट तरफ जाने वाली गली मे युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। सूचना पाकर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक पुलिसकर्मियों को देख कर वापस जाने लगा। जिस पर पुलिसकर्मियों ने युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान रविदास मोहल्ला निवासी अमित उर्फ मिता के रूप में हुई। वहीं सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी।

## जलभराव समस्या का हल करने के निर्देश

*कैथल मार्ग पर जलभराव की समस्या, बीडीपीओ ने दिए सख्त आदेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

कैथल मार्ग पर बारिश के बाद जलभराव को लेकर दुकानदारों और राहगीरों की पीड़ा को प्रमुखता से उजागर करने के बाद अब बीडीपीओ जगदीप सिंह ने तुरंत एक्शन लिया है। बीडीपीओ ने ग्राम फतेहपुर के सरपंच को निर्देशित किया है कि चाहे जैसे भी हालात हों, पानी की निकासी तुरंत सुनिश्चित करवाई जाए। इसके लिए उन्होंने कहा यदि अतिरिक्त सफाई कर्मियों की आवश्यकता हो तो उन्हें तैनात किया जाए। जो भी खर्चा आएगा, मैं स्वीकृत करूंगा, लेकिन वर्षों से चली आ रही इस समस्या का समाधान अब होना ही चाहिए। कैथल मार्ग पर हर बारिश के बाद जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे न केवल राहगीरों को दिक्कत होती है बल्कि दुकानदारों का व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित होता है। पहले भी स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई थी, मगर सुनवाई नहीं हुई। हालिया समाचार रिपोर्ट में तस्वीरों और तथ्यों के साथ समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जनता की आवाज आखिरकार प्रशासनिक गलियारों तक पहुंची। अब देखने वाली बात यह होगी कि बीडीपीओ के आदेशों पर अमल कितना गंभीरता से होता है और क्या वाकई जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था की जाती है या फिर यह सिर्फ एक औपचारिक प्रतिक्रिया बनकर रह जाएगी। यदि स्थानीय प्रशासन सक्रिय रहता है, तो ये खबर मीडिया की शक्ति और जनता की आवाज को एक बार फिर साबित करेगी।



पूंडरी। खंड एवं विकास कार्यालय में बातचीत करते बीडीपीओ जगदीप सिंह।

## कलायतः सुदकैन डिस्टीब्यूटरी से तैरता मिला युवक का शव

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के गांव चौशाला और बालू के बीच से सुदकैन डिस्टिब्यूटरी में सोमवार को एक युवक का शव तैरता मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। में एक शव मिला है। इस दौरान बालू गांव के ग्रामीण नहर के पास से गुजर रहे थे।

अचानक उनकी नजर कैलरम गांव की तरफ से तैरते आ रहे शव पर पड़ी। तुरंत इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। ग्रामीणों की मदद से डायल 112 टीम ने पानी से मृत व्यक्ति के शव को बाहर निकाला। निशानी के तौर पर मृतक के हाथ में एक कड़ा है। चांदी के इस कड़े पर बलराज नाम लिखा हुआ है। थाना प्रबंधक रामनिवास शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गुहला चीका के गांव बलबेहड़ा निवासी बलराज के रूप में हुई है। वह पाई में अपनी बहन के पास आया हुआ था। पुलिस जांच में हादसे की वजह कोई नशीला पदार्थ निगलना बताया जा रहा है। इसे लेकर अभी जांच जारी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौप दिया।

## पशु शिकंजे पर साधु का शव लटका मिला

- साफे का बनाया था फंदा, क्या कारण रहा नही हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खरल तालाब पर लगाए पशु शिकंजे पर साधु के फांसी पर लटका मिलने से हडकंप मच गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खरल तालाब पर लगाए गए पशु शिकंजे पर सोमवार को ग्रामीणों ने एक साधु को फांसी के फंदे पर लटकता देखा। मृतक ने गले में माला पहनी हुई थी। पांव से नंगा था और पांव भी जमीन पर टिके हुए थे। मृतक ने फंदा साफे का बनाया गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। मृतक की पहचान डूमरखां खुर्द निवासी सतबीर (60) के रूप में हुई। मृतक तीन साल से गांव रेवर के शिव मंदिर में रहता था। बताया जाता है कि मृतक शराब का आदी था। ज्यादा शराब पीने के कारण वह चार-पांच माह पहले शिव मंदिर को छोड़ कर चला गया था।

*12 किलो वाट के 3 सोलर सिस्टम स्थापित, विद्यार्थियों में छाई खुशी*

## चौशाला के रा. स्कूल में लगाया सोलर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

चौशाला स्थित राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल के बच्चे अब गर्मी से बेहाल नहीं होंगे। ग्राम पंचायत, शिक्षकों व अभिभावकों के सहयोग से स्कूल में 12 किलो वाट के 3 सोलर सिस्टम स्थापित किए गए हैं। इसके पीछे सोच स्कूलों में निरंतर बिजली व्यवस्था को बहाल रखना है। ताकि विद्यार्थी निर्बाध रूप से पढ़ाई लिखाई कर सकें। डिजिटल व्यवस्था बिजली संकट से प्रभावित न हो। सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग सिंह, मुख्य शिक्षक प्रदीप कुमार, मुकेश धानियां, सुनील कुमार, सुनील वर्मा, राजेश व अशोक स्वामी ने बताया कि सरकारी स्कूल को मिली सौर ऊर्जा विद्यार्थियों के लिए बड़ी सौगात है। इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए उन्होंने महिला सरपंच उषा रानी और पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की मिसाल पेश करते हुए सरपंच उषा रानी ने राहत भरा कदम उठाया हे। भीषण गर्मी में बच्चे पसीने से तर-बतर होकर पढ़ाई करते रहे हैं। अब वहां सौर ऊर्जा से संचालित पंखे और लाइटें गतिशील रहेंगी। इससे विद्यालय का वातावरण सुगम और अनुकूल रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के अकसर बिजली कटौती के कारण कक्षाएं प्रभावित होती रही हैं। बच्चे गर्मी के कारण परेशान रहते थे। ग्रामीणों ने सरपंच और शिक्षकों के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। अभिभावकों का कहना है कि इससे यह विश्वास मजबूत हुआ है कि पंचायत और विद्यालय प्रशासन मिलकर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए गंभीर हैं।सरपंच उषा रानी ने कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाती है। बच्चों को अच्छा वातावरण देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आगे भी विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प दोहराया।



कलायत। उत्साहित शिक्षक व विद्यार्थी तथा सरपंच प्रतिनिधि दिलबाग सिंह।

## खबर संक्षेप

### पदोन्नति होकर अलेवा के बीईओ बने रणपाल

जींद। उचाना कला के खंड संसाधन कार्यालय में खंड उचाना के सभी प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा रणपाल श्योकंद बीआरसी से बीईओ के पद पर पदोन्नति होने पर विदाई दी गई। अध्यक्षता क्लस्टर हेड प्राचार्य संजय चौधरी ने की। शीशपाल शास्त्री ने रणपाल श्योकंद की विशेषताओं के बारे में अवगत करवाया और शुभकामनाएं दी।

### जाट आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक आज

जींद। अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति एवं जाट सेवा संघ की बैठक मंगलवार को सुबह दस बजे गांव हैबतपुर स्थित सचिवालय पर आयोजित की जाएगी। जिलाध्यक्ष कैप्टन रामकरण दलाल ने बताया कि इस बैठक में चौधरी छोटूराम धाम निर्माण कार्य एवं धाम पर चल रहे कोर्स की जानकारी और जाट आरक्षण के बारे में चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षतावशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया करेंगे।

### मकान से स्कूल के लिए निकली युवती लापता

जींद। गांव अलेवा में घर से स्कूल के लिए निकली लड़की के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से स्कूल के लिए निकली थी। छुट्टी के बाद वह घर वापस नही लौटी है।

### फोन पर धमकाने पर तीन पर मामला दर्ज

जींद। जुनायल लड़के से फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा जातिसूचक गालियां देने पर शहर थाना पुलिस ने पीड़ित बालक की मां की शिकायत पर संस्था के स्कूल अध्यापक समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपोलो रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा क्राइस्ट राजा स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र है।

### जयनूर ने सैनिक स्कूल की परीक्षा क्वालीफाई की

जींद। शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना की छात्रा ने सैनिक स्कूल की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया। प्रधानाचार्या प्रोमिला मलिक ने बताया कि सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए कक्षा छठी एवं 9वीं के लिए प्रवेश परीक्षा एनटीए आयोजित करता है। स्कूल की छात्रा जयनूर ने इस सैनिक स्कूल की परीक्षा में क्वालीफाई किया। छात्रा को स्कूल की तरफ से सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 को होगा

जींद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 जुलाई जिला जींद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम मोनिका ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 जुलाई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर जींद राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा।

### ड्रेन व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास जारी

जींद। आगामी मानसून सीजन के दौरान शहर में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

### सीपीआईएम छह को करेगी प्रदर्शन

जींद। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादीकी लोकल कमेटी की बैठक स्थानीय सूबे सिंह स्मारक में पार्टी नेता इंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य रमेश चंद्र, जिला सचिव कपूर सिंह सहित कई पार्टी सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## इंडस में 35वीं हरियाणा राज्य कराटे प्रतियोगिता संपन्न

# तीस किलोग्राम भार वर्ग में लोकेश ने पाया अव्वल स्थान, नरेश द्वितीय

35 किलोग्राम भार वर्ग में रुद्र फरीदाबाद प्रथम, सक्षम द्वितीय, अद्विक कुरुक्षेत्र तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। प्रतियोगिता में जीत के लिए दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

इंडस स्कूल में आयोजित 35वीं हरियाणा राज्य कराटे प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिला कराटे संघ के महासचिव कृष्ण सिंहरोहा ने बताया कि समापन समारोह के मुख्यअतिथि समाजसेवी दिलबाग संडील ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। कृष्ण सिंगरोहा ने बताया कि 30 किलोग्राम भार वर्ग में लोकेश जींद प्रथम, नरेश द्वितीय, गर्वित कुरुक्षेत्र व कार्तिक महेंद्रगढ़ संयुक्त रूप से तृतीय, 35 किलोग्राम भार वर्ग में रुद्र फरीदाबाद प्रथम, सक्षम फरीदाबाद द्वितीय, अद्विक कुरुक्षेत्र तृतीय, 40 किलोग्राम भार वर्ग में अनीश जींद प्रथम, युग पानीपत द्वितीय, विवान कुरुक्षेत्र तृतीय रहे। लड़कों आठ वर्ष के 25 किलोग्राम भार वर्ग में पुष्कल राज महेंद्रगढ़ प्रथम, गर्विष्ठ महेंद्रगढ़ द्वितीय, अयान जींद व आरव जींद संयुक्त रूप से तृतीय रहे। 30 किलोग्राम भार वर्ग में दिव्याक्ष कुरुक्षेत्र प्रथम, गर्व चरखी-दादरी द्वितीय, 10 वर्ष के 25 किलोग्राम भार वर्ग में कुंज सैनिक कुरुक्षेत्र प्रथम, आदित्य जींद द्वितीय, रेयांश बेरवाल व नितिन भिवानी संयुक्त रूप से तृतीय रहे। 40 किलोग्राम से ऊपर भार वर्ग में योग्य पानीपत प्रथम, अक्षय महेंद्रगढ़ द्वितीय, हिमेश जींद तृतीय रहे। 11 वर्ष आयु वर्ग के 30 किलोग्राम भार वर्ग में गौरव महेंद्रगढ़ प्रथम, ललित जींद द्वितीय, शेखर चरखी-दादरी व परव जींद संयुक्त रूप से तृतीय रहे। 35 किलोग्राम भार वर्ग में कौशल जींद प्रथम, अनेक कैथल द्वितीय, हिमांशु जींद तृतीय, 40 किलोग्राम भार वर्ग में रोमित जींद प्रथम, अंश चरखी दादरी द्वितीय, 39 किलोग्राम भारत वर्ग में आर्यन जींद प्रथम, दिव्यांश चरखी दादरी द्वितीय, वीरेन कैथल व कर्मजीत जींद संयुक्त रूप से तृतीय रहे। 12 वर्ष आयु वर्ग में वंशुल पानीपत प्रथम, दिनेश जींद द्वितीय, अभिनव व पार्थ जींद संयुक्त रूप से तृतीय, 40 किलोग्राम भार वर्ग में सुमित रोहतक प्रथम, रामप्रसाद फरीदाबाद द्वितीय, आशीष व हनी जींद संयुक्त रूप से तृतीय, 39 किलोग्राम भार वर्ग में रुद्र जींद प्रथम, अंश जींद द्वितीय व हिमांशु जींद तृतीय, फस्ट किलोग्राम भार वर्ग में वीर पानीपत प्रथम, हितेन चरखी दादरी द्वितीय, 55 किलोग्राम भार वर्ग में विहान हिसार प्रथम, कार्तिक चरखी-दादरी द्वितीय, तेरह वर्ग के 40 किलोग्राम में यशवंत भिवानी प्रथम, हिमांशु हिसार द्वितीय, वंश जींद व परीक्षित महेंद्रगढ़ संयुक्त रूप से तृतीय रहे। 40 किलोग्राम भार वर्ग में सचिन जींद प्रथम, रमन जींद द्वितीय, विराट फरीदाबाद व मयंक चरखी दादरी संयुक्त रूप से तृतीय रहे। 39 किलोग्राम भार वर्ग में अर्पण जींद प्रथम, देवांश जींद द्वितीय यश व जतिन जींद संयुक्त तृतीय, 50 किलोग्राम भार वर्ग में तीजुल कुरुक्षेत्र प्रथम रहे। वहीं 14-15 वर्ष आयु वर्ग के 40 किलोग्राम भार वर्ग में भव्य जींद प्रथम, गौरव जींद द्वितीय व लव रोहतक तृतीय, 45 किलोग्राम भार वर्ग में गुरुदेव रोहतक प्रथम, हरमन जींद द्वितीय, अमन हिसार व नमन फरीदाबाद तृतीय रहे। 52 किलोग्राम भार वर्ग में विनित हिसार प्रथम, शुभम हिसार द्वितीय, नवनीत चरखी दादरी व इशांत जींद तृतीय, 57 किलोग्राम भार वर्ग में भाग्य जींद प्रथम, आशीष जींद द्वितीय, श्याम फरीदाबाद वी प्रयांक पानीपत तृतीय रहे। 63 किलोग्राम भार वर्ग में अंश लांबा भिवानी प्रथम, यशेष चरखी दादरी द्वितीय, 70 किलोग्राम भार वर्ग में कुणाल जींद प्रथम, शुभम जींद द्वितीय, आशु जींद व शिवांशु चरखी दादरी तृतीया स्थान पर रहे। 68 किलोग्राम भार वर्ग में गौरव भिवानी प्रथम, कृषि चरखी दादरी द्वितीय, 76 किलोग्राम भार वर्ग में हार्दिक यादव जींद प्रथम, अंशुल पानीपत द्वितीय व प्रिंस हिसार तृतीय और 76 किलोग्राम से ऊपर भार वर्ग में प्रिंस नैन जींद प्रथम अंशुल पानीपत द्वितीय व यमन जींद तृतीय स्थान पर रहे।

## समाज की स्थिरता और देश की एकता के लिए सामाजिक सहिष्णुता आवश्यक

■ वुड स्टॉक स्कूल में सामाजिक सहिष्णुता और मीडिया की भूमिका पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे।

ववुड स्टॉक स्कूल में सामाजिक सहिष्णुता और मीडिया की भूमिका पर सेमिनार परिचर्चा का आयोजन किया। जिसमें विषय था राष्ट्रहित में सामाजिक सहिष्णुता और मीडिया की भूमिका। इस परिचर्चा में कक्षा आठवीं के चार विद्यार्थियों पल्लवी, मिहिर, कृष और हंसिका ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्र मिहिर ने बताया कि पहलगाम में एक आतंकी हमला हुआ। जिसमें आतंकवादियों के एक समूह ने कई निर्दोष लोगों की जान ले ली। इस निर्मम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर नामक एक विशेष सैन्य अभियान शुरू किया। छात्र कृष ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नही यह भारत की भावना है और ऑपरेशन सिंधु की सफलता देश की हर मां, बहन और बेटी को समर्पित है। छात्रा पल्लवी ने बताया कि मॉक ड्रिल तो सिर्फ एक बहाना था, असली मकसद तो सिंदूर का मतलब सिखाना था। अंत में छात्रा हंसिका ने निष्कर्ष के रूप में बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय मीडिया सिर्फ एक निष्क्रिय दर्शक नहीं था बल्कि उसने राष्ट्रीय चेतना को आकार देने में एक सक्रिय भूमिका निभाई। इन छात्रों ने सामाजिक समरसता, सहिष्णुता के महत्व और मीडिया की सकारात्मक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके तर्कों में राष्ट्रहित की भावना और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा स्पष्ट रूप से झलकती रही। वुड स्टॉक स्कूल के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा और उपनिदेशक आशुतोष शर्मा ने कहा कि समाज की स्थिरता और देश की एकता के लिए सामाजिक सहिष्णुता अत्यंत आवश्यक है। ऐसे सेमिनार न सिर्फ छात्रों में जागरूकता बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी करते हैं। स्कूल की प्राचार्या सुकीर्ति शर्मा ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा मीडिया आज जनमत निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। यदि युवा पीढ़ी इसके सकारात्मक पक्ष को समझे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दे तो एक बेहतर भारत का निर्माण संभव है। हमारे विद्यार्थियों ने जिस समझदारी और भावनात्मकता के साथ विषय को प्रस्तुत किया वह सराहनीय है। इस प्रकार की परिचर्चा विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी जागृत करने वाली भी रहेगी। वुड स्टॉक स्कूल भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रनिर्माण की चेतना जाग्रत करता रहेगा।

### लंबित शिकायतों को जल्द निपटाएं

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सीएम विंडों की लंबित शिकायतों के निपटान कार्य में अधिकारी व्यक्तिगत रूची लें ताकि जल्द से जल्द शिकायतों का निपटान हो सके। सभी विभागाध्यक्ष जल्द से जल्द अपने विभाग से संबंधित सीएम विंडों की लंबित शिकायतों को निपटाना सुनिश्चित कर रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भिजवाएं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में सीएम विंडो की लंबित शिकायतों के निपटान कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। कहा कि सीएम विंडो से संबंधित कोई भी शिकायत लंबित न रहे। पोर्टल पर जो भी शिकायत लंबित हैं, उनका प्राथमिकता के साथ समाधान करते निपटारा करें। प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सीएम विंडो की सुविधा उन्हें अधिकार के रूप में उपलब्ध करवाई है। इसलिए सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना हर विभाग की नैतिक कर्तव्य के साथ.साथ जिम्मेवारी भी है।


सीएम विंडो की शिकायतों के निपटान कार्य के प्रगति की समीक्षा करते डीसी।


जींद। बैठक को संबोधित करते राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

### जिला परियोजना कार्यान्वयन इकाई की बैठक

जींद। निपुण हरियाणा मिशन के एफ एलएन कार्यक्रम के तहत डीईईओ कार्यालय में सोमवार को डीपीआईयू (जिला परियोजना कार्यान्वयन इकाई) बैठक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्लस्टर हेड विजिटए स्टूडेंट अकाउंट आउटकम एरिव्यू ऑनलाइन दीक्षा कोर्स, साप्ताहिक कार्य योजना, सीपीआईयू और बीपीआईयू बैठक रिकॉर्ड, क्लास रेडीनेस कार्यक्रम का मूल्यांकनए स्टार शिक्षकों की पहचान, शिक्षा-दिक्षा मेगा मॉनिटरिंग और ग्रीष्मकालीन होमवर्क को लेकर विचार विमर्श किया। इसके अलावा प्रत्येक कक्षा में निपुण लक्ष्य रीडिंग कार्नर बनवाने को लेकर विचार विमर्श हुआ। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि पठन पाठन में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत भागीदारी हो।

### पशु स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन

नरवाना। पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र सच्चा खेड़ा ;जीन्द के द्वारा गांव धनौरी व हंसदैहर में पशु स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया। मौके पर केन्द्र निदेशक हितेश कालरा एवं पशु चिकित्सक डा नवजोत नैन उपस्थित थे। डा नैन की अगुवाई में आई हुई टीम के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कैम्प मे पशुओं के स्वास्थ्य की जांच की गई व मुफ्त में दवाईयां दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत में डा नवजोत नैन ने किसानो को पशुओं की देख रेख के बारे मे विस्तार जानकारी दी। उन्होने बताया की गावों में लाखों की संख्या में गाय तथा भैंसों के गोबर से निकलने वाली मीथेन गैस ग्रामीण वातावरण को प्रदूषित कर रही है। इसलिए यह आवश्यक है कि भैंस पालन टिकाउ हों व पर्यावरण मित्रवत हो तथा मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक न हो ।


नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। योग करते साधक। फोटो :हरिभूमि

### 12 से ब्लॉक स्तर पर योग शिविर लगेंगे

जींद। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. योगेश ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। आमजन की सक्रिय भागीदारी इस कार्यक्रम में हो, इसके लिए योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी खंडों में इस तरह के योग शिविर लगाए जाएंगे। बताया कि अलेवा खंड की नई अनाज मंडी, नरवाना की नई अनाज मंडी, उचाना की अनाज मंडी, उझाना में कन्या गुरूकुल खरल, सफीदों में नई अनाज मंडी, पिल्लेखड़ा में नई अनाज मंडी तथा जुलाना की नई अनाज मंडी में खंड स्तरीय योग शिविरों का आयोजन होगा। इसी प्रकार 16 जून से 18 जून को जींद में चौधरी रणबीर सिंह विश्विद्यालय में जिला स्तरीय योग शिविर का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इन योग शिविरों में जरूर प्रशिक्षण लें ताकि 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में सभी की भागीदारी हो सके।


जींद। पूर्व विधायक स्व. बृजमोहन सिंगला को नमन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पूर्व विधायक सिंगला को दी श्रद्धांजलि

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय परिसर में पूर्व विधायक स्व. बृजमोहन सिंगला की नौवी पुण्यतिथि पर प्रबंधक समिति के सदस्यों, टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर ने श्रद्धांजलि देते उनके महाविद्यालय के प्रति अविस्मरणीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय एवं छात्राओं की शिक्षा के प्रति उनके अनवरत प्रयासों एवं निष्ठा का समस्त महाविद्यालय परिवार सदैव ऋणी रहेगा। उनकी पुण्यतिथि पर समस्त महाविद्यालय परिवार उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता है। इस श्रद्धांजलि सभा में महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान डा. अंशुल सिंगला, उप प्रधान सतप्रकाश गोयल, महासचिव राजकुमार सिंगला, कोषाध्यक्ष बलदेव राज आहूजा मौजूद रहे।

## जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सर्वोच्च प्राथमिकताः मोहम्मद इमरान रजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ सौर ऊर्जा का कनेक्शन न लगने पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान

सरकार की जनहितैषी पहल के तहत प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों की श्रृंखला में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने की। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना व प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। डीसी ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समाधान शिविर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनसेवा और जनता के प्रति समर्पण की भावना को धरातल पर साकार करने का एक सशक्त माध्यम हैं।

शिविर में विभिन्न वर्गों से आए नागरिकों ने अपने मुद्दों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिन्हें डीसी ने गंभीरता से सुना। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ईगराह निवासी धर्मवीर ने सौर ऊर्जा का कनेक्शन न लगाने बारे अपनी शिकायत रखी। जिस पर डीसी ने तुरंत संज्ञान लेते ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सप्ताह के अंदर-अंदर सौर ऊर्जा का कनेक्शन लगवाना सुनिश्चित करें ताकि किसान अपनी फसल की बुआई समय पर कर सके। इसी प्रकार बबीता व कविता द्वारा इंतकाल न होने की शिकायत दी। जिस पर डीसी ने जिला राजस्व विभाग के अधिकारियों को तुरंत इंतकाल करने के निर्देश जारी किए। मोहम्मद सलमान द्वारा फैमली आई में त्रुटि ठीक करने बारे अपना आवेदन प्रस्तुत किया डीसी ने क्रीड विभाग के अधिकारियों को फैमली आईडी में त्रुटि ठीक करने के आदेश जारी किए।


जींद। पदक विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कार्रवाई की गई

जींद। गत 24 व 25 मई को जींद में 35वीं राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशीप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जींद जिले के आधारशिला के पांच खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए पदकों की झड़ी लगा दी। पदक विजेताओं में उन्नति, लक्षिता, मनस्वी, हिमेश व परनीत ने क्रमशः रजत व कांस्य पदक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी की लहर है। पांचों विद्यार्थियों का विद्यालय पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि आजकल तकनीकी युग के कारण बच्चों ने मैदानी खेलों से दूरी बना ली है, जो कि उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं है लेकिन ऐसे दौर में विद्यालयों का नैतिक कर्तव्य है कि वे विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के प्रति सजग हों और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के लिए प्रेरित करें।

## श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए किया पिंडदान

# श्रद्धालुओं ने लगाई पिंडारा तीर्थ में डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। पिंडारा तीर्थ पर स्नान करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

धार्मिक दृष्टि से प्रति माह अमावस्या का विशेष महत्व होता है लेकिन सोमवार को ज्येष्ठ माह की अमावस्या विशेष संयोग में आई। हालांकि इस बार अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं में संश्य की स्थिति रही। इसीलिए सोमवार को सोमवती अमावस्या होते हुए भी बहुत कम श्रद्धालु स्नान के लिए पिंडारा तीर्थ पहुंचे। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार अमावस्या की तिथि मंगलवार तक रहेगी। सोम को श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया और सुखद भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर सोमवार दोपहर श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हुआ। श्रद्धालुओं सरोवर में स्नान तथा पिंडदान किया। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं ने यहां खरीददारी भी की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि ज्येष्ठ अमावस्या की तिथि 26 मई सोमवार को दोपहर 12:11 बजे शुरू हुई और और 27 मई को सुबह 8:31 बजे समाप्त होगी। श्रद्धालुओं ने वट सावित्री व्रत भी रखा। सोमवती अमावस्या पर पितरों को तर्पण देने से पितृ दोष से राहत मिलती है। यह दिन आध्यात्मिक शुद्धि, प्रार्थना करने और दान के कार्य करने के लिए समर्पित है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, तर्पण, पिंडदान, जप-तप, पूजन, दान आदि करने का विधान है। ऐसा करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है।


नरवाना। सेमिनार को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### कैरियर काउंसलिंग सेमिनार

नरवाना। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में आज एक कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि इस सेमिनार में आईटीआई नरवाना से रोजगार कौशल इंस्ट्रक्टर कोमल और दीपक विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार के दौरान कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पोंए तकनीकी शिक्षाए और आगे की शिक्षा में संभावनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कैरियर क्लब इंचार्ज प्राध्यापक हरदीप सिंह ने भी कैरियर काउंसलिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को लक्ष्य निर्धारणए समय प्रबंधन और आत्मविश्लेषण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण और छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### साइबर ठगी से बचने के लिए जारी की एडवाइजरी

**कैथल।** साइबर ठग लोगों को लुभावने ऑफर देकर अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में सावधानी बरतकर ही धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। कैथल पुलिस ने भी जागरूकता के लिए एडवाइजरी जारी की है। खासकर लुभावने लोन के ऑफर व अन्य ऑनलाइन गतिविधियों में ध्यान रखें। ताकि किसी भी धोखाधड़ी से सुरक्षित बचा जा सके।

### सिविल डिफेंस के लिए पंजीकरण करें पूर्व सैनिक

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने सोमवार को अपने कार्यालय में पूर्व सैनिकों की बैठक ली और उनसे सिविल डिफेंस वालंटियर बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस वालंटियर के पंजीकरण किए जा रहे हैं। हमें किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

### मरने के बाद भी देखेंगे ओमप्रकाश जाखोली

**कैथल।** कैथल में एक अत्यंत प्रेरणादायक और मानवीय कार्य संपन्न हुआ। मॉडल टाउन, जींद रोड निवासी स्वर्गीय ओम प्रकाश जी जखोली वाले के नेत्र श्री नर नारायण सेवा समिति, कैथल के सहयोग से सफलतापूर्वक दान करवाए गए। इस नेक कार्य से दो लोगों के जीवन में रोशनी आई है। स्वर्गीय ओम प्रकाश के पुत्रों, श्रीमान पवन गर्ग, विपिन और प्रवीन गर्ग ने दुख की इस घड़ी में भी जो निस्वार्थ भाव दिखाया है, वह समाज के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

### मास्टर जिले सिंह जांगड़ा को सोसायटी अध्यक्ष चुना

**कैथल।** जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह जांगड़ा की अध्यक्षता में जांगड़ा धर्मशाला पुरानी सब्जी मंडी कैथल में जांगड़ा समाज की मीटिंग हुई। मीटिंग में /"श्री विश्वकर्मा एजूकेशन एवं वैलफेयर सोसाइटी कैथल/" का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मास्टर जिले सिंह जांगड़ा को सोसायटी अध्यक्ष चुना गया। बलबीर सिंह शास्त्री को महासचिव तथा एडवोकेट सुरेन्द्र जांगड़ा को कैशियर बनाया गया।

### स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया

**राजौंद।** गांव कसान के सरकारी स्कूल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनू चावला के निर्देशानुसार स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।यस कार्यक्रम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी कीर्ति शर्मा के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप सिंह द्वारा किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान को बढ़ावा देना।

### पीटीआई व डीपीई को दिया प्रोटोकॉल योग का प्रशिक्षण

**कैथल।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के निर्देशानुसार जिला में खंड स्तर पर सात खंडों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर सरकारी एवं प्राइवेट शारीरिक शिक्षा अध्यापकों एवं शारीरिक प्रवक्ताओं के लिए आयोजित किया गया।

## सड़क हादसों मे विभागों की तय होगी जवाबदेही

# सड़क पर चलने वालों की सुरक्षा से नहीं होगा कोई समझौता: डीसी

### अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनकी सभी सड़कें सुरक्षा मानक पर खरा उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि सभी संबंधित विभाग सड़क सुरक्षा के मुद्दे को गंभीरता से लें। अगर किसी विभाग की कमी की वजह से कोई सड़क हादसे में किसी की मौत होती है तो उस संबंधित विभाग की भी इसके लिए जवाबदेही तय की जाएगी। सड़क पर चलने वाले लोगों की सुरक्षा से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, नगर निकाय व मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनकी सभी सड़कें सुरक्षा मानक पर खरी हैं और सभी आवश्यक उपाय पूरे हैं। वहीं वन विभाग पूरे जिले की सड़कों पर सुनिश्चित करें कि अनावश्यक पेड़ों की टहनियां बीच में न आएं। डीसी प्रीति ने तितरम देवबन रोड की सही तरीके से रिपेयर न करने पर संबंधित एसडीओ एवं जेई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीसी प्रीति सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने दो घंटे से भी अधिक समय तक ली बैठक में इस साल अब तक हुए हादसों की केस अनुसार समीक्षा की। उन्होंने क्रमवार सभी एजेंडों पर चर्चा की और संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए। डीसी प्रीति ने नगर निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहरों में सुनिश्चित करें कि चौक-चौराहे सुरक्षा मानकों अनुसार ही बनाए जा रहे हैं या नहीं।



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### स्कूल जून माह में अपनी बसों की खामियां को दुरुस्त करें

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी निजी स्कूल व प्ले स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि वे जून माह में अपनी बसों की खामियां को दुरुस्त कर लें। डीसी ने कहा कि पुलिस बिना हेलमेट वाहन चलाने पर चालानिंग बढ़ाए। कई हादसों में मौत का कारण होता है कि संबंधित व्यक्ति ने हेलमेट नहीं पहना था। इसलिए लोगों में जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। साथ ही चालान करके उन्हें बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने को लेकर हतोत्साहित किया जाए। डीसी ने कहा कि हादसों में मौत होने पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक में विभागाध्यक्ष स्वयं पहुंचना सुनिश्चित करें। मासिक बैठक से पहले एक समीक्षा बैठक कर दिए गए निर्देशों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में जो निर्देश जारी किए गए हैं, अधिकारी उन पर गंभीरता से काम करते हुए रिपोर्ट दें।

### ओवरलोडिड तूड़ी वाले ट्रैक्टरों पर शिकंजा कसा जाए

डीसी प्रीति ने आरटीए, एसडीएम व पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि ओवरलोडिड तूड़ी वाले ट्रैक्टरों पर शिकंजा कसा जाए। उनका चालान किया जाए और उसे तब तक न छोड़ा जाए जब तक वह अतिरिक्त तूड़ी को दूसरे वाहन में शिफ्ट न कर दे। इसके साथ ही उन्होंने नगर निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रेती बजरी बेचने वालों की ओर भी ध्यान दें, अगर कहीं पर रेती या बजरी सड़क पर पड़ी मिले तो उन पर नियमानुसार कार्रवाई करें। इसके साथ ही रेहड़ी फड़ी वालों के लिए वेंडिंग जोन बनाने को लेकर प्लान तैयार करें।

### सडक पर मौत होने वाले प्वाइंट को खोजें

एसपी आस्था मोदी ने भी उस नक्शे के साथ सड़क अनुसार चर्चा की, जहां-जहां पर सड़क हादसों में इस साल लोगों की मौत हुई हैं। एसपी ने कहा कि आंकड़े के हिसाब से कैथल-गुहला रोड, चीका से गुहला रोड, कलायत, कैथल शहर, पाडला रोड, पाई-पूंडरी रोड, राजौंद, कैथल से असंध रोड, ढांड रोड सहित कुछ ऐसी सड़कें हैं, जहां हादसों में मौतें हुई हैं।

## पंजाबी वेलफेयर का निःशुल्क चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पंजाबी वेलफेयर सभा के द्वारा मैक्स सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल, मोहाली व डॉ पुरी न्यूरो साईंकटरी व मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल कैथल व प्रमुख समाजसेवी कंवल आहुजा ने अपने माता पिता की याद में उनके सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अमर शहीद मदन लाल ढींगरा स्मारक पार्क रोड किया गया। प्रधान सुभाष कथूरिया जी ने बताया कि आज जिसमें सैकड़ों जरूरतमंद व्यक्तियों ने इस सेवा का लाभ उठाया, इस विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर में हृदय रोग,मानसिक रोग और सामान्य रोगों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। महासचिव महेश धमीजा जी ने बताया कि पहला सुख निरोगी काया को ध्यान में रखते हुए शिविर में मनोचिकित्सक, हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) और सामान्य चिकित्सक (फिजीशियन) उपलब्ध रहें जो मरीजों की जांच की और उचित परामर्श भी दिया, एउत्र्, मैडिसन सभी टेस्ट भी निःशुल्क किए गए। राकेश मल्होत्रा कोषाध्यक्ष ने कहा कि यह शिविर उन सभी लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो मानसिक तनाव, हृदय संबंधी समस्याओं या किसी भी प्रकार की सामान्य बीमारी से पीड़ति हैं और विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह लेना चाहते हैं।



**कैथल।** नि :शुल्क चिकित्सा शिविर संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान।

## सार्वजनिक शौचालय असुरक्षा और अस्वच्छता का केंद्र बना

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत शहर की पुरानी एवं प्रसिद्ध कपिल मुनि मार्किट में एकलौता सार्वजनिक शौचालय इन दिनों असुरक्षा और अस्वच्छता का केंद्र बना है। शौचालय के मुख्य द्वार पर दरवाजे की बजाए केवल बिजली पोल का पर्दा है। इसके साथ ही शौचालय के अंदर भी बीचों-बीच बिजली पोल है। कहने को तो इस शौचालय की देखरेख का जिम्मा नगर पालिका के पास है। लेकिन यह इतना खस्ता हो गया है कि इसमें अब रोशनी, पानी, साबुन और स्वच्छता के नाम पर कुछ शेष नहीं बचा। इसकी बदहाली दुकानदारों और महिलाओं के लिए परेशानी बनी है। इसके चलते शौचालय को बिना देरी के नकारा घोषित करने की मांग जोर पकड़ रही है।



**कलायत।** कलायत में शौचालय के बीचों-बीच अंदर बिजली का पोल।

### नशीले पदार्थ के सेवन से बचें: एसपी आस्था मोदी

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा गांव गांव जाकर एसपी आस्था मोदी के निदेर्शानुसार सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जागरूकता रैली, सेमिनार और वर्कशॉप के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव और नशे की लत से ग्रस्त लोगों के पुनर्वास संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही हैं। एसपी आस्था मोदी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों का प्रयोग करने से बचें और अपने परिवार के लोगों को भी बुरी लत से बचाते हुए अपने आस पड़ोस में नशा ना करने बारे जागरूक करें। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्त अभियान में कैथल पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा निरंतर रूप से सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है।

## थाना प्रभारी ने नशे के प्रति किया जागरूक

- बैठक में नशा के खिलाफ जनजागरूकता अभियान की रूपरेखा तैयार की

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

थाना प्रबंधक रामनिवास शर्मा ने सोमवार को थाना परिसर में विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं के साथ बैठक की। इस दौरान नशा के खिलाफ जनजागरूकता अभियान की रूपरेखा तैयार की। थाना प्रभारी रामनिवास शर्मा ने स्पष्ट किया कि नशा तस्करी और इससे अवैध रूप से अर्जित संपत्ति पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। जो लोग नशे के कारोबार में लिप्त हैं और इससे संपत्ति बना रहे हैं उनकी चल-अचल संपत्ति जप्त की जाएगी। हरियाणा पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी की अगुवाई में पुलिस विभाग ने ऐसे मामलों की पहचान शुरू कर दी है। इसके तहत जल्द ही तस्करों की संपत्तियों पर शिकंजा कसा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने समाज से अपील की कि नशा जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ पुलिस का सहयोग करें। बैठक में मौजूद भाकियू नेता गुरनाम सहारण और समाज सेवी बिल्लू चंदाना ने कहा कि नशे के परिणाम बेहद गंभीर हैं। इसलिए इस दिशा में ठोस कानूनी कार्यवाही जरूरी है।



**कलायत।** नशा के खिलाफ जागरूकता के तहत लोगों से रूबरू थाना प्रबंधक रामनिवास शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

## भाविप का परिवार मिलन समारोह आयोजित

- कार्यक्रम में नवनियुक्त सदस्यों को शपथ दिलवाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

रजनी रोयल पैलेस में भारत विकास परिषद की तरफ से परिवार मिलन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा प्रधान प्रवीन मित्तल ने, मुख्यातिथि के रूप में हल्का विधायक सतपाल जांम्बा व विशिष्ट अतिथि के रूप कन्या महाविद्यालय के महा सचिव प्रवीन मित्तल व जांम्बा के सरपंच लाभ सिंह ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रभात गोयल बब्बू, विकास सिंगला व महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। मुख्यातिथि विधायक सतपाल जांम्बा नें कहा ऐसी सामाजिक संस्थाएं ही सबके मन में देशभक्ति की भावना भरती है। गत वर्ष परिषद शाखा द्वारा किये गये सामाजिक कार्य जैसे रक्तदान शिविर, गरीब बच्चों को जरूरत का समान उपलब्ध करवाना, गरीब कन्या का विवाह, होली व दीपावली मिलन समारोह आदि काफी प्रशंसनीय रहे। उन्होंने सदस्यों से आह्वान किया कि वे समाज के लोगों की सेवा करने के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ विशेष अभियान चलाएं। विशिष्ट अतिथि प्रवीन मित्तल नें कहा की इस प्रकार के आयोजनों से जहां सदस्यों में सहयोग की भावना बढ़ती है, वहीं उनमें भाईचारा भी बढ़ता है।





**पूंडरी।** कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक सतपाल जांम्बा बच्चों को समृति चिन्ह देते व कार्यक्रम में प्रस्तुति देती बच्ची। *फोटो: हरिभूमि*

## भाईचारा बनाए रखने के लिए डीएसपी ने की बैठक

- शांति कमेटी के सदस्यों के सहयोग से अपराधों पर लगेगा अंकुश: डीएसपी गुरविंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

हरियाणा पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार जिला कैथल में एक जिला स्तरीय पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी का गठन किया गया है। सोमवार को डीएसपी ऑफिस में डीएसपी गुरविंद्र सिंह द्वारा पुलिस-पब्लिक समन्वय मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग का मकसद पुलिस व आमजन के बीच सहयोग बढा कर अपराध मुक्त समाज की स्थापना करना है। इस मीटिंग में आमजन पुलिस को सामाजिक समस्या बिना किसी डर व दबाव के बता सके और जिससे पुलिस भी उन समस्याओं पर नियमानुसार व समय पर प्रभावी कार्यवाही करके निपटारा कर सके। इस बैठक में डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस-पब्लिक के बीच अच्छे संबंध स्थापित होंगे तभी अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। इस बैठक में आए गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अपने अपने एरिया की समस्याओं को बताया गया जिस पर डीएसपी ने विचार विमर्श करते हुए समस्याओं के समाधान हेतु सम्बंधित को आदेश दिए गए। डीएसपी ने कहा कि पुलिस बिना समाज की स्पोट के अधुरी है और इस अधुरी को खत्म करने के लिए समाज के साथ एक अच्छा रिश्ता कायम करके आमजन की समस्याओं को खत्म किया जा सकता है।



**कैथल।** डीएसपी गुरविंद्र सिंह द्वारा पुलिस-पब्लिक समन्वय मीटिंग लेते हुए।

### पुलिस को मिलेगा सहयोग

प्रवक्ता ने बताया कि बैठक के दौरान डीएसपी ने इससे पूर्व संपन्न हुई मीटिंग में उठाए गए मुद्दों बारे कार्यो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी हासिल की गई। जिस बारे बैठक में मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा समस्याओं का निवारण किए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। मीटिंग में मौजूद सभी द्वारा आश्वासन दिया गया कि वे सभी अपने अपने स्तर पर नशा तस्करी शराब तस्करी व अवैध असला तस्करी आदि पर रोक लगाने का भरसक प्रयास करेंगे तथा पुलिस विभाग को पूरा सहयोग करेगें।

## पूर्व विधायक बने एडिड कॉलेज के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

हरियाणा के सभी निजी सहायता प्राप्त कॉलेज प्रबंधन कल्याण संघ फेडरेशन के सर्वसम्मति से पूंडरी के पूर्व विधायक तेजवीर सिंह तीसरी बार प्रधान पद के लिए सर्वसम्मति से चुने गए। चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. अमिता राणा ने हरियाणा के निजी सहायता प्राप्त कॉलेज प्रबंधन संघ के पदाधिकारियों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधान पद के लिए चौधरी तेजबीर सिंह, उपप्रधान मेजर रिटायर्ड एसपी सिंह व सुरेश कुमार सिंघल, महासचिव एएस ओबेरॉय, संयुक्त सचिव राम बहादुर खुरानिया व कोषाध्यक्ष साकेत मंगल को सर्वसम्मति से चुना गया। प्रधान तेजबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा की उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल सैनी की दूरदर्शिता सहरानीय है। उन्होंने शिक्षित हरियाणा सक्षम हरियाणा की परिकल्पना को धरातल पर उतरने का अथक प्रयास किया है। इसी कारण नई राष्ट य शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन में उनकी सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही है। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा 182 राजकीय महाविद्यालयों में 2424 सहायक प्रोफेसर की नियुक्तियां की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है व हरियाणा के 97 निजी सहायता प्राप्त कॉलेज में 2400 शिक्षक एवं गैर शिक्षक के पदों की स्वीकृति को निदेशक उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकूला से करवाकर पढ़े लिखे युवाओं के लिए आशा का नया द्वारा खोला है।



**पूंडरी।** मुख्यमंत्री से मिलते हुए प्रधान तेजबीर सिंह व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## भाविप ने सैनिकों के सम्मान में किया समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

भारत विकास परिषद्, क्योड़क (हरियाणा उत्तर) द्वारा रविवार को शिव मंदिर परिसर में आयोजित दायित्व ग्रहण एवं सैनिक सम्मान समारोह राष्ट्रसेवा, संस्कार और सामाजिक चेतना का प्रेरणास्पद संगम सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा का संचार हुआ। समारोह का संचालन परिषद् के जिला समन्वयक कृष्ण कुमार कौशिक ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक शर्मा, जिला सलाहकार, पब्लिक हेल्थ कैथल ने कहा कि यह आयोजन केवल सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि देश के उन वीर सपूतों को नमन करने का माध्यम है जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किया। सच्चा सैनिक वह है जो अनुशासन, संकल्प और मातृभूमि के प्रति प्रेम से ओत-प्रोत होता है। इस गरिमामयी अवसर की अध्यक्षता परिषद् के प्रान्तीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने की। उन्होंने परिषद् की कार्यशैली, उद्देश्यों और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व निर्वहन हेतु शुभकामनाएं दीं।



**कैथल।** पूर्व कर्नल जगरूप सिंह को सम्मानित करते दीपक शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

### शरीर के साथ-साथ मानसिक संतुलन को प्रभावित करता है नशा

# नशे से दूर रहें युवा, खेलों आदि क्षेत्रों में लें भाग

- गुहला में एक सरकारी तथा आठ गैर सरकारी चलाए जा रहे हैं नशा मुक्ति केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने बताया कि नशा आज की युवा पीढ़ी के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि व्यक्ति के मानसिक संतुलन, पारिवारिक जीवन ओर सामाजिक रिश्तों को भी प्रभावित करता है। आमजन में विशेषकर युवा नशे से दूर रहें तथा वे खेलों आदि क्षेत्रों में भाग लें। उन्होंने बताया कि वैध नशा मुक्ति केंद्र सरकारी तौर पर गुहला उपमंडल अस्पताल में है। इसके अलावा गैर सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में अग्रवाल मनोरोग एवं नशा मुक्ति केंद्र नजदीकी कारपोरेशन बैंक चीका, गांव अजीमगढ़ में अरदास अस्पताल में, श्री गुरू नानक चेतना फाउंडेशन ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 15 गुहला, ब्राइट फ्यूचर जन कल्याण ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 12 चीका, समर्थ नशा मुक्ति केंद्र अजीमगढ़, निर्वाण मनोरोग अस्पताल चीका, मनो आधार नशा मुक्ति केंद्र अजीमगढ़, दीपक नशा मुक्ति केंद्र चीका में शामिल है।



एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह

### गुहला में नौ नशा मुक्ति केंद्र चलाए जा रहे

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने बताया कि गुहला खंड में एक वैध सरकारी नशा मुक्ति केंद्र तथा आठ गैर सरकारी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनके अलावा अगर कोई अन्य नशा मुक्ति संचालित किया जा रहा है, तो वह अवैध माना जाएगा। प्रशासन द्वारा ऐसे केंद्रों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं प्रभावी ईलाज मिल सके। आमजन भी अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों की सूचना प्रशासन के संज्ञान में लाएं।

**सूचना**

हम, प्रीत सिंह पुत्र स्व. श्री लछमन सिंह व बीरमती देवी पत्नी श्री प्रीत सिंह निवासी भटनागर कालोनी, रोहतक रोड जीन्द (हरियाणा) बयान करते हैं कि हमारा पुत्र पवन उर्फ सोनू तथा उसकी पत्नी श्रीमती मीना हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### समय रहते प्रमाण पत्र की जांच करें प्रॉपर्टी मालिक

**पूंडरी।** नगरपालिका क्षेत्र में आने वाले लाल डोरा (गांव की आबादी सीमा) के अंतर्गत स्थित प्रॉपर्टियों को वैधता देने की प्रक्रिया को लेकर नगरपालिका सचिव नरेश कुमार ने एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। उन्होंने बताया कि सभी लाल डोरा क्षेत्र में स्थित प्रॉपर्टी धारकों को लाल डोरा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने हैं। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी की जांच करना अनिवार्य किया गया है। सचिव नरेश कुमार ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. की जानकारी एन.डी.सी. पोर्टल पर जाकर अवश्य जांचें। यदि उसमें किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है जैसे मालिक का नाम गलत है, क्षेत्रफल में गलती है या अन्य कोई स्वामित्व संबंधी विसंगति है तो संबंधित प्रॉपर्टी धारक को चाहिए कि वे स्वयं नगरपालिका कार्यालय पहुंचें और स्वामित्व से जुड़े सभी वैध दस्तावेज उपलब्ध करवाकर विवरण में सुधार करवा लें। सचिव ने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. में सही विवरण होने के पश्चात ही संबंधित प्रॉपर्टी धारक को नियमानुसार लाल डोरा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

### मिशन एडमिशन: 6 से 20 जून तक किया जा सकेगा आवेदन

# आईटीआई में दाखिले के लिए इंतजार खत्म

- हेल्प डेस्क के माध्यम से फ्री में किए जा सकेंगे आवेदन
- जिले में करीब 5000 सीटों पर होगा दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का इंतजार समाप्त हो गया। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने प्रदेश के राजकीय आईटीआई में दाखिले का शेडयूल जारी कर दिया है। विद्यार्थी आनलाइन आवेदन 6 जून से लेकर 20 जून तक कर सकेंगे। जिला नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कैथल ने दाखिला कमेटियों का गठन कर दिया है। सोमवार को दाखिला कमेटी के सदस्यों की मीटिग ली तथा उन्हें दाखिला प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों की सहायता के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं। कोई भी छात्र या छात्रा संस्थान में आकर हैल्प डेस्क से निःशुल्क फार्म भरवा सकते हैं। गौरतलब है कि जिले में 9 राजकीय और 9 प्राइवेट आईटीआई चलाए जा रहे हैं। इन आईटीआई में करीब 5000 विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष दाखिला दिया जाता है। हालांकि पिछले कई सालों से आईटीआई में दाखिले को लेकर पूरा मारामारी रही है लेकिन हाल ही में सरकार द्वारा जारी की गई अग्निपथ योजना में आईटीआई डिप्लोमा धारक विद्यार्थियों को बोनस के 5 अंक दिए जाने के चलते इस बार आईटीआई में दाखिले के लिए ज्यादा पसीना बहाना होगा और मैरिट अधिक ऊंची जा सकती है।



#### आईटीआई में दाखिला बनेगा विकल्प

इस बार 12वीं में पास आउट की संख्या अधिक और कालेजों में सीटों की संख्या कम होने के कारण विद्यार्थियों का रूझान आईटीआई की ओर भी रहने का अनुमान जताया जा रहा है। आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो जिले में कुल 19 आईटीआई हैं। इनमें 9 राजकीय और 10 प्राइवेट आईटीआई शामिल हैं। सभी में मिलाकर दाखिला की सीट करीब 5000 बताई जा रही हैं।

#### ये दस्तावेज आवश्यक

दसवीं या 12वीं का प्रमाण पत्र आधार कार्ड, फेमिली आइडी, ई-मेल आइड, मोबाइल नंबर, बैंक खाता नंबर, जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र व नवीनतम रंगीन फोटो।

#### कैथल आईटीआई में चलाए जा रहे कोर्स

फीटर, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, वैल्डर, कारपेंटर, कोपा, डीएमसी, डीएमएम, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्क मेंटीनेंस, इंस्टरूमैंट मैकेनिक, मैकेनिक आरएसी, मोटर मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मल्टीमीडिया ऐनीमेशन, सॉयल टेस्टिंग एंड क्राप टैक्नीशियन, मशीनीस्ट, मशीनीस्ट ग्राइंडर, टूल एंड डाई, टैक्नीशियन पावर इलेक्ट्रोनिक सिस्टम, स्टैनो हिंदी, स्टैनो अंग्रेजी, सीविंग टैक्नोलाजी, ड्रेस मेकिंग शामिल हैं।

| ये हैं जिले की राजकीय आईटीआई | सीटों की अनुमानित संख्या |
|---|---|
| राजकीय आईटीआई कैथल | 1200 |
| राजकीय आईटीआई महिला कैथल | 300 |
| राजकीय आईटीआई पूंडरी | 500 |
| राजकीय आईटीआई महिला पूंडरी | 200 |
| राजकीय आईटीआई कलायत | 700 |
| राजकीय आईटीआई राजौंद | 500 |
| राजकीय आईटीआई गुहना | 150 |
| राजकीय आईटीआई गुहला एट चीका | 400 |
| राजकीय आईटीआई पबनावा | 500 |

#### दाखिले का शेड्यूल जारी

आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी एवं राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने दाखिला शेडयूल जारी कर दिया है। आईटीआई में हैल्प डेस्क स्थापित कर दिए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी 6 जून से लेकर 20 जून तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

#### यहां चलाए जा रहे हैं प्राइवेट आईटीआई

जाट प्राइवेट आईटीआई कैथल।
रामा प्राइवेट आईटीआई कुतुबपुर।
युवराज प्राइवेट आईटीआई बाता।
आदर्श प्राइवेट आईटीआई बुढाखेडा।
कैथल प्राइवेट आईटीआई मागोमाजरी।
ढांड प्राइवेट आईटीआई ढांड।
श्रीराम प्राइवेट आईटीआई राजौंद।
बीपीआर प्राइवेट आईटीआई पाडला।
डा. भीमराव अंबेडकर प्राइवेट आईटीआई पूंडरी।

#### कैथल के महिला आईटीआई में चलाए जा रहे कोर्स

कोपा, स्टैनो अंग्रेजी, ड्रेस मेकिंग, बेसिक कोस्टमैटोलाजी, फैशन टैक्नोलोजी,इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक, डीएमसी, डीटीपी



### वार्ड 3 में पेयजल समस्या को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

**कैथल।** शहर के वार्ड नंबर तीन में पानी की समस्या को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया। वार्ड के निवासी उल्टी बाल्टियां लेकर गली में इकट्ठे हो गए और जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। रोष प्रकट करते हुए लोगों ने कहा कि उनके वार्ड में कई दिनों से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। ऐसे में उन्हें दूसरों के घरों में लगे ट्यूबवेलों से पानी लाना पड़ रहा है। इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया है, लेकिन कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शन करने वाले कॉलोनी वासी पिंकी, रमेशचंद, सुभाष, काला व पूजा ने बताया कि कई बार पानी की आपूर्ति बिल्कुल नहीं होती। जब पानी आता है तो केवल कुछ समय के लिए आता है, जिससे उनको पीने के लिए भी पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता। गर्मी के मौसम में उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले हुई बरसात के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों के घरों में लगे ट्यूबवेल से भी पानी नहीं मिल रहा। समाधान नहीं हुआ तो सड़कों पर उतरने को विवश होंगे।

## गांव, गरीब, किसान और मजदूरों के कल्याण विकास के लिए पैसे की नहीं रहेगी कमी : बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सार्वजनिक विकास कार्योंए गांवए गरीबए किसानए मजदूरए इत्यादि के कल्याण एवं उत्थान की दिशा में क्रियान्वित होने वाली परियोजनाओं के लिए पैसे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। प्रत्येक व्यक्ति बेहिचक अपनी समस्या उनके समक्ष रख सकता है। मंत्री ने कहा कि चुनाव में इलाका की जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी हैए वे उसे ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निभाने की कोशिश करेंगे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी गत दिवस देर सायं नरवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव लोन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री ने लगभग 2 करोड़ रुपयों के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।



**नरवाना।** मंत्री बेदी का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

इनमें लोन से हमीरगढ़ए लोन से खरल तथा लोन से कर्मगढ़ तक के कच्चे रास्तों को पक्का किया जाना शामिल हैं। ग्राम पंचायत द्वारा रखी लगभग 5 करोड़ अनुमानित राशि की अन्य करीब 3 दर्जन मांगों को भी नॉर्मज एवं विभागीय तकनीकी औपचारिकताएं पूरा होने पर कैबिनेट मंत्री ने मंजूर करने की घोषणा की और कहा कि सभी कार्यों को चालू वित्त वर्ष के दौरान पूरा करवाने की कौशिश की जाएगी। इनमें खेल स्टेडियम का निर्माण, इंडोर जिम, सामुदायिक केंद्र निर्माण, ई.लाईब्रेरी, स्कूल को 12वीं तक अपग्रेड करनाए गांव के सभी तालाबों का सौंदर्यकरणए सभी चौपालों का नवीनींकरण एवं ब्राह्मण चौपाल, प्रजापत चौपाल, लोहार चौपाल, चमार चौपाल तथा वाल्मीकि चौपाल के निर्माण के अलावा गांव की गलियों को पक्का करवाना शामिल है।

इस मौके पर नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, दिनेश गोयल, नप कुलदीप रंधावा, प्रदीप नैन, सरपंच सुरेश नैन, वेदपाल सींसर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रजापति, दिनेश गोयल, सुरेंद्र सरपंच हथो, सत्यवान शर्मा, डॉ कृष्ण नैन, महंत शुकराई नाथ, पूर्व चेयरमैन निर्मल शर्मा, एडवोकेट राजेश शर्मा, सुरेश पांचाल, प्रमोद शर्मा, अमित ढाकल मौजूद रहे।

## दो दिवसीय कुश्ती अखाड़ा, जिला कुमार और केसरी दंगल तीन से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता, जिला कुमार व जिला केसरी दंगल (पुरूष व महिला) मुकाबले तीन व चार जून को गुरू गोबिन्द सिंह खेल स्टेडियम पट्टी अफगान कैथल में होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जो पहलवान विजेता होंगे, वे राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा, कुमार एवं केसरी दंगल में भाग लेंगे, जोकि पंचकूला में 10 से 13 जून तक करवाया जाएगा।

प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के खिलाड़ियों को छोड़कर राज्य में स्थापित विभागीय प्रशिक्षकों के कुश्ती केंद्रों, निजी कुश्ती प्रशिक्षण केंद्रों, शिक्षण संस्थाओं तथा कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों द्वारा अपने जिला से संबंधित दस्तावेज दिखाने होंगे। इसमें जिला का रिहायशी प्रमाण पत्र तथा बिजली का बिल / ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट / बैंक खाते की कॉपी आदि शामिल हैं। पहलवान की जन्म तिथि अंडर 17 कैटेगरी के लिए जनवरी 2008 से मान्य है। वहीं फ्री स्टाईल व ग्रीको रोमन में अण्डर-17, जूनियर व सीनियर श्रेणी में कुल 60 वजनों में जिला कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता, जिला कुमार व जिला केसरी करवाया जाना प्रस्तावित है।

## गांवों के जलघर पंचायतों को सौंपने के विरोध में कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- तुगलकी फरमान को जल्द वापस ले सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी परिमंडल कार्यालय पर सोमवार को ग्रामीण जलघरों को ग्राम पंचायतों को सौंपने के विरोध में कर्मियों ने प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान जितेंद्र शर्मा ने की। मंच का संचालन जिला सचिव सुरेश शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता नरेंद्र धीमान ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति सरकार ग्राम पंचायतों के अधीन कर रही है। इस कारण कर्मचारी वर्ग में बहुत अधिक रोष व्याप्त है। संगठन इसका घोर विरोध करता हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत जितने भी अधिकारी व कर्मचारी हैं वे दक्षता के आधार पर अपनी पूर्ण निष्ठा से काम कर रहे हैं। पंचायतों में जलापूर्ति जाने से पूरी ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था चरमरा जाएगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बंट कर गुटबाजी, राजनीतिक दबाव व अन्य कारणों से हर घर तक जल पहुंचाने का सरकार का सपना कभी पूरा नहीं हो सकता है।



**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।



### आरोही स्कूल ग्योंग में सीएमसी के प्रधान बने ग्योंग के जगपाल व रामकली जांगड़ा उपप्रधान

**कैथल।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में अगले दो साल के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का आगामी दो वर्षों के लिए पुनर्गठन किया गया। प्राचार्य डॉ मनीष सिंगला द्वारा सर्वप्रथम विद्यार्थियों के अभिभावकों का स्वागत किया गया आज की सांझी सभा में ग्योंग, टीक, जाखौली, मानस, बाता, कुल्तारण, चीका, कैथल शहर, क्योड़क, खुराना, नैना धोंस, कठवाड़ आदि के माता-पिता और अभिभावक पहुँचे थे। प्रवेश उत्सव के तहत विद्यालय में ग्यारहवीं कक्षा में दाखिले के बारे में सभी से अपना-अपना योगदान देने के लिए कहा। इसके बाद सांझी सभा का गठन किया गया। ग्योंग के जगपाल बने आरोही स्कूल ग्योंग की सांझी सभा के अध्यक्ष कैथल की रामकली जांगड़ा बनी उपाध्यक्ष। पूनम देवी, स्नेहलता, सुनीता, रेखा, ज्योति, सरोजबाला, सतबीर,राकेश,सतीश कुमार,जसमेर,रमेश कुमार,धीरेZन्द्र,यशपाल सिंह,सोहल लाल,हरीश,दलीप सिंह,निशा कुमारी,तथा दिनेश कुमार को सांझी सभा के सदस्य चयनित किया गया।

## नारी सशक्तिकरण: नारीश रोहिल्ला को भाविप भूतेश्वर शाखा अध्यक्ष पद की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत विकास परिषद् भूतेश्वर शाखा जींद द्वारा दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उत्तरदायित्व सौंपे गए। नारीश रोहिल्ला को अध्यक्ष मनधीर कौशिक को सचिव अंकुश शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा रीता बंसल को महिला सहभागिता संयोजक का दायित्व सौंपा हैं। नव पदाधिकारियों ने परिषद के उद्देश्यों को समर्पित होकर कार्य करने की शपथ ली। मुख्यअतिथि रुद्राक्ष मिड्ढा का संबोधन समारोह की विशेष उपलब्धि रहा। उन्होंने मंच से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में परिषद् की भूमिका, युवाओं की सहभागिता तथा सेवा के विविध आयामों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किएए जिसे उपस्थित सदस्यों ने हृदय से सराहा। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र धवन रहे। अध्यक्षता सुरेश मित्तल अध्यक्ष हरियाणा मध्य प्रांत ने की। उन्होंने भारत विकास परिषद् द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा, स्वास्थ्यए सेवा एवं संस्कार आधारित कार्यक्रमों की जानकारी दी और सभी से संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सहसंयोजिका महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती गीता गुप्ता की उपस्थिति रही। महिला सहभागिता की महत्ता पर अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए और परिषद् में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर सुरेश कुमार गर्ग ने समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए परिषद् की ओर से एक हॉस्पिटल को व्हीलचेयर भेंट की। सभी परिवारों का स्वागत सम्मानपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सुसंगठित ढंग से किया गयाए जिसमें सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



### वेदांता के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में लहराया परचम

**नरवाना।** हाल ही में जींद में आयोजित 35वीं हरियाणा राज्य कराटे चैंपियनशिप में वेदांता इंटरनेशनल स्कूलए कलौदा खुर्द के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने कुल 17 पदक जीतकर जिले और स्कूल को गौरवान्वित कियाए जिनमें 5 स्वर्णए 4 रजत और 8 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में हरियाणा भर से कुल 350 खिलाडियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के खिलाडियों ने अपनी उत्कृष्टता और अनुशासन से सभी को प्रभावित किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों में शामिल कोशलए योवनए रुद्रए निखिलए अनीशए लक्ष्यए हर्ष और शुभम ने विभिन्न भारवर्गों में दमदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। इन खिलाडियों ने न केवल अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दियाए बल्कि अपने आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय से यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं। विद्यालय की खेल प्रशिक्षक टीमए विशेष रूप से कराटे कोच सुनीलए ने विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन दियाए जिससे यह सफलता संभव हो पाई।




हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### कालोनीवासी परेशान, बरसों पहले बिछाई गई सीवरेज लाइन जर्जर

# पॉश कालोनी गांधी नगर में छह माह से अटकी सीवरेज लाइन

*पुराने बस स्टैंड के पास बसे गांधी नगर, स्कीम नंबर छह स्थित मकान न. 373 के पास सीवरेज की लाइन पिछले करीब छह महीने से रुकी पड़ी है। जिसके कारण गंदा पानी आगे नहीं निकल पा रहा। इसका सीधा असर आसपास के दर्जनों घरों पर पड़ रहा है।*

- नए पाइप डालने के बाद ही हो पाएगा समस्या का समाधान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांधी नगर, स्कीम नंबर छह स्थित मकान नंबर 373 के आस पास सीवरेज की सरकारी पाइप लाइन पिछले लगभग छह महीने से रुकी पड़ी है। जिसके कारण गंदा पानी आगे नहीं निकल पा रहा। इसका सीधा असर आसपास के दर्जनों घरों पर पड़ रहा है। जो बदबू और गंदगी से बेहद परेशान हैं। गली में गंदा पानी जमा होने से लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि घरों से जो गंदा पानी निकलता है, उस गंदे पानी की निकासी के लिए लगभग 40 साल पहले संबंधित विभाग द्वारा गली में पाइप दाबे गए थे।

पाइपों से होकर गंदा पानी सीवरेज के मैनहाल तक जाता है। गली में जो पाइप कई दशकों पहले दाबे गए थे। सीवरेज के वे मैन होल अब खराब हो चुके हैं। कई जगह से टूट चूके है। इनमे से गंदा पानी निकलकर सीवरेज के मैनहोल तक नहीं पहुंच पा रहा। पाइप खराब हो जाने की वजह से गंदे पानी की निकासी नही हो पाती और गंदा पानी घरों में बैक मारने लगता है। गोयल का कहना है कि गली के वाशिंदों को सीवरेज खाली करवाने के लिए अपने खर्चे पर प्राइवेट टैंकर बुलाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि दर्जनों बार शिकायत दी जा चुकी हैं, अधिकारी मौके पर आकर खानापूर्ति कर चले जाते हैं। समस्या जस की तस बनी हुई है। एक सीवरेज लाइन एक साल से बंद रहना वह भी शहर के एक रिहायशी इलाके में यह बताता है कि जन समस्याओं के प्रति प्रशासन कितना संवेदनशील है।



#### चरमरा चुकी है सीवरेज व्यवस्था



*गांधी नगर निवासी अंजू सिंगला का कहना है कि कहने को तो गांधी नगर एक पाश कालोनी है लेकिन यहां सीवरेज व्यवस्था पूरी चरमराई हुई है। लगता है किसी गांव में रह रहे है। कई बार संबंधित विभाग को शिकायत की जा चुकी है लेकिन स्थाई समाधान नहीं निकाला जा रहा। जब तक सीवरेज की पुरानी पाईप लाईन नही बदली जाती। तब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकलने वाला।*

#### समाधान को गंभीर नहीं अधिकारी



*गौरव कुमार का कहना है कि जब भी शिकायत की जाती है तो प्रशासन सीवरेज के मैनहोल को खाली कर देता है लेकिन दिक्कत कुछ और है। वह यह है कि जिस पाइप लाइन के जरिये सीवरेज का गंदा पानी मैन होल तक जाता है वे पाइप लाइन ही रुकी पड़ी है। ऐसे में जब तक इस पाईप लाईन हो नही बदला जाता तब तक ठोस समाधान नहीं निकलने वाला।*